श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 14, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | गुरूवार 20 अगस्त, 2020 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## अब केन्द्र सरकार की सरकारी नौकरियों के लिए होगी एक ही भर्ती परीक्षा

**विशेष संवाददाता,नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को कई अहम फैसले किए। अब केंद्र सरकार की सरकारी नौकरियों के लिए एक ही परीक्षा होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भर्ती के लिए नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी (एनआरए) के गठन को मंजूरी दे दी है। एनआरए केंद्र सरकार की सरकारी नौकरियों के लिए एक कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) कराएगी। इससे करीब ढाई करोड़ उम्मीदवारों को एक से अधिक परीक्षाओं में बैठने से छुटकारा मिलेगा। इसकी शुरुआत रेलवे, बैंकिंग और एसएससी की आरंभिक परीक्षाओं को मर्ज करने से होगी। बाद में अन्य परीक्षाएं भी इसमें शामिल की जाएंगी। इस साल बजट में ही इस एजेंसी के गठन का ऐलान कर दिया था।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने बताया कि एनआरए साल में दो बार कामन सीईटी का आयोजन करेगी। अभी रेलवे भर्ती बोर्ड (आरबीएस) इंस्टीट्यूट आफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आईबीपीएस) तथा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली आरंभिक परीक्षाओं को मर्ज किया जाएगा। इन परीक्षाओं में ग्रुप बी और सी के 1.25 लाख पदों के लिए करीब ढाई करोड़ उम्मीदवार बैठते हैं। लेकिन अभी उन्हें हर परीक्षा के लिए प्रारंभिक परीक्षा भी अलग-अलग देनी पड़ती है। कार्मिक राज्य मंत्री डा. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि नए फैसले के मुताबिक सीईटी में सफल



उम्मीदवारों की एक मेरिट लिस्ट तैयार होगी, जो तीन साल तक मान्य रहेगी। हालांकि जो उम्मीदवार अपना स्कोर बेहतर करना चाहेंगे वे पुन परीक्षा में बैठ सकेंगे। जो उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में सफल होंगे उन्हें बैंक, रेलवे या एसएससी की दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने साफ किया कि सिर्फ आरंभिक परीक्षा एक होगी बाकी अन्य औपचारिकताएं और नियम पूर्व की भांति रहेंगे। जावडेकर ने कहा कि अभी तीन परीक्षाओं को मर्ज किया जा रहा है बाद में अन्य परीक्षाएं भी इसमें शामिल होंगी। केंद्र की करीब 20 एजेंसियां भर्ती परीक्षाएं आयोजित करती हैं जो चरणबद्ध तरीके से इसमें मर्ज हो जाएंगी। जितेन्द्र सिंह ने कहा कहा कि राज्यों और निजी क्षेत्र को भी इस प्रकार के कदम उठाने चाहिए। निजी क्षेत्र इस परीक्षा के स्कोर से भी उम्मीदवारों का चयन कर सकता है।

एनआरए एक स्वायत्त संस्थान होगी, जिसका मुख्यालय दिल्ली में होगा। इसका अध्यक्ष सचिव स्तर का अधिकारी होगा। एनआरए द्वारा देश भर में एक हजार परीक्षा केंद्रों की स्थापना की जाएगी। एक जिले में कम से कम एक परीक्षा केंद्र का होना सुनिश्चित किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा 12 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। एनआरए के गठन पर तीन सालों में करीब 1517 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मकसद यह है कि पारंभिक परीक्षा के लिए उम्मीदवार को जिला मुख्यालय से आगे नहीं जाना पड़ेगा।

### क्या होगा फायदा

- उम्मीदवारों को अलग-अलग आरंभिक परीक्षाओं से मुक्ति मिलेगी
- परीक्षाओं की तारीखें एक साथ आ जाने से एक परीक्षा छोड़नी पड़ती थी, जो अब नहीं होगी
- परीक्षा केंद्र अलग-अलग शहरों में पड़ते थे। अब यह समस्या खत्म हो जाएगी
- परीक्षाओं के लिए अब हर जिला मुख्यालय पर एक केंद्र होगा। दूर नहीं जाना होगा
- एक ही परीक्षा के लिए फीस भरनी होगी। यात्रा पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी
- रेलवे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग और आईबीपीएस के प्रतिनिधि संचालक मंडल में शामिल होंगे
- अभी परीक्षा के आवेदन से लेकर रिजल्ट आने में 12-18 महीने लगते हैं। सीईटी से यह समय घटेगा

ग्रुप बी और सी की आरंभिक परीक्षा की अर्हताएं एक जैसी होती हैं, लेकिन हर बोर्ड का अलग पैटर्न होनेके कारण उम्मीदवारों को अलग-अलग प्रकार से परीक्षा की तैयारी करनी पड़ती है। एक परीक्षा होने से एक ही किस्म की तैयारी करनी होगी।केंद्र सरकार ने पूर्व में एमबीबीएस में एडमिशन के लिए भी एक टेस्ट किया है। जो सफल रहा है। जबकि पहले हर राज्य अपनी परीक्षा करता था। इसी प्रकार प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन के लिए एक एजेंसी एनटीए का गठन किया है। पहले यह कार्य सीबीएसई या अन्य एजेंसियों को करना पड़ता था।

## सुशांत सिंह राजपूत केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मामले की CBI करेगी जांच

**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत मामले में रिया चक्रवर्ती को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से सीबीआई को सहयोग करने और सभी संबंधित दस्तावेज मुहैया कराने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि आगे कोई भी एफआईआर इस मामले में दर्ज हुई तो सीबीआई उसे भी देखेगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार को एफआइआर दर्ज करने का अधिकार है। महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दे सकती है।

सुप्रीम कोर्ट अपने आदेश में कहा कि सुशांत सिंह राजपूत एक प्रतिभाशाली अभिनेता थे और उनकी पूरी क्षमता का एहसास होने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। कई लोग उत्सुकता से जांच के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं ताकि अटकलों पर लगाम लगाई जा सके।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही सुशांत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जीत और निष्पक्ष जांच की दिशा में पहला कदम। वहीं, सुशांत की पूर्व गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे ने ट्वीट किया कि सच की जीत हुई है। सीबीआइ को मामला सौंपे जाने पर कंगना रनौत ने इसे मानवता की जीत बताया है।

सुशांत सिंह के परिवार के वकील विकास सिंह ने कहा कि यह सुशांत



सिंह राजपूत के परिवार की जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में सभी बिंदुओं पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि पटना में दर्ज एफआईआर सही थी। अब सीबीआई अपनी जांच शुरू करेगी और सुशांत के परिवार को उनकी मौत का सच पता चल सकेगा। रिया चक्रवर्ती के वकील सतीश मणेशिंदे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की जांच करने और मुंबई पुलिस की रिपोर्ट देखने के बाद पाया कि यह वांछित न्याय होगा क्योंकि रिया ने खुद उइक जांच के लिए कहा था। रिया सीबीआई जांच में पेश होंगी और उसका सामना करेंगी जैसा उन्होंने पहले मुंबई पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय की जांच में किया था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने कहा कि हमें अब तक आदेश की कॉपी नहीं मिली है, एक बार हमें आदेश की कॉपी मिलेगी तो हम आदेश की जांच करके आगे की कार्रवाई पर फैसला लेंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट में अपने वकीलों को जल्दी से जल्दी आदेश की कॉपी भेजने को कहा है।

सुशांत केस की सीबीआइ जांच पर संजय राउत ने कहा है कि महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जहां हमेशा कानून की व्यवस्था सबसे ऊपर रही है, ये कानून का राज्य है यहां सत्य और न्याय की जीत हमेशा होती है। यहां की पुलिस, न्याय व्यवस्था, शासन हमेशा ये देखता आया है कि कितना भी बड़ा या छोटा व्यक्ति हो कानून से ऊपर कोई नहीं है। कानूनी कार्रवाई के बारे सरकार में जो कानून के जानकार हैं या मुंबई पुलिस के कमिश्नर या एडवोकेट जनरल ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बात कर सकते हैं, मेरे लिए इस पर बात करना सही नहीं है।

## देश में कोरोना वायरस का संक्रमण थम नहीं रहा, 64000 से अधिक नए केस

**जेएनएन, नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस का संक्रमण थमता नजर नहीं आ रहा है। बुधवार को 64 हजार से अधिक नए मामले सामने आए और संक्रमितों का आंकड़ा 27.50 लाख को पार कर गया। रिकॉर्ड मौतों के साथ ही मृतकों की संख्या भी 53 हजार के करीब पहुंच गई है। हालांकि, 20 लाख से अधिक लोगों ने कोरोना को मात भी दी है और लगातार दूसरे दिन आठ लाख से अधिक लोगों की कोरोना जांच भी हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान 64,531 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या 27 लाख 67 हजार 273 हो गई। इस दौरान 60,091 मरीज ठीक भी हुए हैं और अब तक स्वस्थ हुए लोगों का आंकड़ा 20 लाख 37 हजार 870 हो गया है। सक्रिय मामले छह लाख 76 हजार 514 रह गए हैं। इस दौरान 1,092 लोगों की मौत भी हुए। इस महामारी से अब तक 52,889 लोगों की जान जा चुकी है। मंत्रालय के मुताबिक मंगलवार को आठ लाख एक हजार 518 टेस्ट किए गए। अब तक तीन करोड़ 17 लाख से अधिक टेस्ट किए जा चुके हैं। कर्नाटक में 23 मार्च से 16 अगस्त के बीच 20 लाख से अधिक कोरोना जांच की गई है। वहीं, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से पीटीआइ और अन्य श्रोतों से रात आठ बजे तक मिले आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार देर रात से अब तक 34,328 नए केस मिले हैं और संक्रमितों का आंकड़ा 27 लाख 92 हजार 779 पर पहुंच गया है। अब



तक 53,441 लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को 513 लोगों की मौत हुई, जिसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 346, आंध्र प्रदेश में 86, गुजरात में 17, जम्मू-कश्मीर में 11, राजस्थान व ओडिशा में 10-10, दिल्ली में नौ, तेलंगाना में आठ, केरल में सात, पुडुचेरी में छह और त्रिपुरा में तीन मौतें शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय और अन्य स्त्रोतों से मिले आंकड़ों में अंतर का कारण राज्यों से केंद्र को मिलने वाली सूचनाओं में देरी है। इसके अलावा कई एजेंसियां सीधे राज्यों से आंकड़े लेकर जारी करती हैं।

महाराष्ट्र में बुधवार को 13,165 नए मामले सामने आए। राज्य में एक दिन में नए मामलों की यह सबसे बड़ी संख्या है। इसके साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा छह लाख 28 हजार 642 हो गया है। राज्य में अब तक 21,033 लोगों की जान जा चुकी है। गुजरात में 1,145 नए मामलों के साथ कुल मरीजों की संख्या 82 हजार से अधिक हो गई है। गुजरात में 2,839 मरीजों की मौत हुई है। पुडुचेरी में 368 नए केस मिले हैं और कुल मरीज 8,762 हो गए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बार फिर मामले बढ़ने लगे हैं। राजधानी में 1,398 नए केस मिले हैं और संक्रमितों का आंकड़ा एक लाख 56 हजार को पार कर गया है। यहां अब तक 4,235 लोगों की मौत भी हो चुकी है। राजस्थान में 699 नए केस के साथ कुल मामले 64,676, जम्मू-कश्मीर में 708 नए केस के साथ 30,034 और ओडिशा में 2,589 नए मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 67,122 पर पहुंच गया है।

दक्षिण भारत के राज्य आंध्र प्रदेश में 9,742 नए केस मिले हैं और कुल मामले 3.16 लाख से अधिक हो गए हैं। राज्य में अब तक 2,906 मरीजों की मौत भी हो चुकी है। केरल में रिकॉर्ड 2,333 नए केस के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 50 हजार को पार कर गया है। राज्य में 182 मौतें भी हुई हैं। तेलंगाना में 1,763 नए मामलों के साथ 95,700 पर आंकड़ा पहुंच गया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में बुधवार को त्रिपुरा में सबसे अधिक 236 नए केस मिले। राज्य में अब तक 7,663 संक्रमित सामने आ चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश में 133 नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या 2,875 और मेघालय में 49 नए मामलों के साथ कुल मामले 1,506 हो गए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कोरोना से लड़ने के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होना जरूरी है। मजबूत प्रतिरक्षा के लिए जरूरी है कि लोग पौष्टिक और सुरक्षित खाना खाएं। 'ईट राइट इंडिया चैलेंज' के वर्चुअल लांच के मौके पर उन्होंने कहा कि मजबूत प्रतिरक्षा सिर्फ कोरोना वायरस ही नहीं, बल्कि टीबी (क्षयरोग) से लड़ने के लिए भी जरूरी है।

## तब्लीगी जमात मामला: ED की दिल्ली-मुंबई समेत 20 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तब्लीगी जमात मरकज के प्रमुख मौलाना साद कंधल्वी और अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग के एक मामले में दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों में छापेमारी की है। ईडी के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार बुधवार को मौलाना साद और उसके साथियों के खिलाफ सुबूत इक्ट्ठा करने के लिए दिल्ली में सात, मुंबई में पांच, हैदराबाद में चार और केरल में तीन ठिकानों पर छापे मारे गए हैं। दिल्ली में जाकिर नगर क्षेत्र स्थित मौलाना साद के घर पर भी छापे मारे गए हैं। इसीतरह साद के एक करीबी के मुंबई के अंधेरी और एसवी रोड इलाके में भी आवासीय परिसरों में छापे मारे गए हैं। ईडी के सूत्रों ने किन लोगों के यहां छापे मारे गए हैं, इसके बारे में कोई और जानकारी देने से इन्कार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अप्रैल में दिल्ली पुलिस की एफआइआर के आधार पर ईडी ने मौलाना साद और उसके कुछ साथियों के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया था।

वैश्विक महामारी कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू देशव्यापी लॉकडाउन का उल्लंघन करने की साजिश के लिए मौलाना साद पर मोटी रकम के हेरफेर को मामला दर्ज है। इस मामले में मौलाना साद और उसके साथियों पर जानबूझकर साजिश के तहत महामारी को फैलाने और संभावित सामूहिक हत्या के प्रयासों के धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

ध्यान रहे कि कम से कम 9 हजार तब्लीगी जमात के देश-विदेश से आए लोगों ने लॉकडाउन के दौरान दिल्ली में गुपचुप तरीके से बड़ा जलसा किया था। इन लोगों के जरिये ही दिल्ली और आसपास के राज्यों में कोरोना तेजी से फैला था। जिसके चलते सरकार और प्रशासन को ढूंढ-ढूंढकर करीब साढ़े पच्चीस हजार संक्रमित जमातियों को जबरन क्वारंटाइन कराना पड़ा था।

## GST काउंसिल 27 अगस्त को करेगी बैठक, राज्यों को मुआवजे के भुगतान पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** राज्यों को मुआवजा भुगतान पर चर्चा करने और राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए 27 अगस्त को जीएसटी परिषद की बैठक होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 41वीं बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी जिसमें, राज्यों के मुआवजे पर एकल एजेंडा बैठक होगी। इसके अलावा, परिषद की एक पूर्ण बैठक 19 सितंबर को आयोजित की जाएगी, जिसके लिए एजेंडा तय किया जाना है। सरकार के मुख्य कानूनी अधिकारी अटॉर्नी जनरल ने कहा है कि केंद्र के पास राज्यों के जीएसटी राजस्व में किसी भी कमी के लिए कोई वैधानिक दायित्व नहीं है, जो कि उसके खजाने से प्राप्त होता है। उन्होंने पहले संकेत दिया था कि अटॉर्नी जनरल की राय के बाद राज्यों को अब राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए बाजार की उधारी को देखना पड़ सकता है और जीएसटी परिषद अंतिम रूप लेगी। केंद्र ने मार्च में अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल से जीएसटी परिषद द्वारा मुआवजे के फंड में किसी भी कमी के लिए बाजार उधार लेने की वैधता पर विचार किया था। अटॉर्नी जनरल ने यह भी कहा था कि परिषद को जीएसटी क्षतिपूर्ति निधि में कमी को पूरा करने के लिए निर्णय लेना है ताकि फंड में पर्याप्त राशि प्रदान की जा सके। सूत्रों ने कहा कि जीएसटी परिषद को तय करना है कि ऐसी परिस्थितियों में कमी को कैसे पूरा किया जाए। अगस्त 2019 से सेस के लागू होने से राजस्व में कमी के बाद राज्यों को जीएसटी मुआवजे का भुगतान एक बड़ा मुद्दा बन गया। केंद्र ने जीएसटी मुआवजे के रूप में 2019-20 में 1.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक जारी किए थे। हालांकि, वर्ष 2019-20 के दौरान उपकर की राशि 95,444 करोड़ रुपये थी।

## हांगकांग ने एयर इंडिया की उड़ानों पर 31 तक लगाई रोक

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** हांगकांग ने एयर इंडिया की उड़ानों पर अगस्त के अंत तक के लिए रोक लगा दी है। एयरलाइन की एक उड़ान के हांगकांग पहुंचने के बाद हुई जांच में कुछ यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए थे। हांगकांग की सरकार ने जुलाई में दिशा-निर्देश जारी करते हुए अपने यहां आने वाले भारतीयों के लिए फ्लाइट से 72 घंटे पहले कोरोना जांच अनिवार्य कर दी थी। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, 'हाल में एयर इंडिया की एक उड़ान से हांगकांग पहुंचने वाले कुछ यात्री जांच में कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इसको लेकर हांगकांग सरकार ने एयर इंडिया की उड़ानों पर



अगस्त अंत तक के लिए रोक लगा दी है।' इस संबंध में एयर इंडिया की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। एयरलाइन ने सोमवार को सिर्फ यह ट्वीट किया था, 'हांगकांग के प्राधिकारियों की तरफ से लगाई गई रोक के कारण 18 अगस्त को दिल्ली से हांगकांग जाने वाली एआइ 310/315 उड़ान को स्थगित किया जाता है। यात्री एयर इंडिया के कस्टमर केयर से मदद ले सकते हैं।' हांगकांग ने भारत के अलावा बांग्लादेश, इंडोनेशिया, कजाखस्तान, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका से आने वाले यात्रियों के लिए भी उड़ान से पहले कोरोना जांच अनिवार्य कर रखी है। इन देशों की एयरलाइंस को उड़ान से पहले यात्रियों के कोरोना निगेटिव होने का प्रमाण पत्र सौंपना पड़ता है। भारत ने कोरोना महामारी के कारण सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा रखी है। हालांकि, वंदे भारत मिशन व कुछ चुनिंदा देशों के साथ समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन किया जा रहा है।

## सिंधिया के भाजपा में शामिल होने के बाद 25 विधायकों ने कांग्रेस छोड़ा, दिग्विजय बोले- लोग सिखाएंगे सबक

**छिंदवाड़ा, पीटीआइ।** मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में शामिल होने के बाद से मध्य प्रदेश के 230 सदस्यीय सदन में 25 विधायकों ने पिछले कुछ महीनों में कांग्रेस और उसकी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसे लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। दिग्विजय सिंह ने कहा है कि लोग पार्टी को धोखा देने वालों को सबक सिखाएंगे। बता दें कि राज्य में जल्द ही उपचुनाव होने वाला है। इसे लेकर पार्टी क्या रणनीति बना रही है?यह सवाल पूछे जाने पर दिग्विजय ने यह जवाब दिया।



दिग्विजय ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोग पार्टी को धोखा देने वालों को सबक सिखाएंगे। हालांकि, उन्होंने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को मध्य प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है और पार्टी के लिए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की।

इससे पहले उन्होंने पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा था कि पार्टी से बढ़कर उनके लिए कुछ नहीं है। अपना हो या पराया, चाहे बेटा जयवर्धन सिंह हो या भाई लक्ष्मण सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा या किसी अन्य पार्टी में जाने वाले को चुनाव हरवाने के लिए वे पूरी ताकत से काम करेंगे। दिग्विजय ने कहा था कि उनके भाई लक्ष्मण सिंह ने भी एकबार कांग्रेस छोड़ी थी और भाजपा में चले गए थे। तब उन्होंने उनके खिलाफ भी काम किया था। दिग्विजय सिंह ने इससे पहले मंगलवार को होशंगाबाद में कहा कि राज्य में प्रतिबंध के बावजूद अवैध खनन जारी है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित उनके करीबी लोग यह सब करवा रहे हैं। प्रदेश में वेंटिलेटर खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने ने कहा कि जीआइ टैग देने का अधिकार केंद्र सरकार को है। मेरी ओर से पहल की गई थी, लेकिन मप्र सरकार से सहयोग नहीं मिला। इस दौरान उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि को पार्टी ने क्या नहीं दिया, लेकिन वे जिस पार्टी से चुनाव हारे उसके सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में भारी बारिश, इन इलाकों में यलो अलर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बुधवार को जमकर बारिश हुई। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के कई इलाकों में बादरा मुसीबत बनकर बरसे। इस दौरान कई शहरों में सड़कें दरिया नजर आईं। इससे लोगों को आने-जाने में खासी मुसीबत का सामना करना पड़ा। कई जगह मकान धराशायी हो गए। गुरुग्राम का आलम तो यह था कि सड़क पर भरे बरसात के पानी में गोल्फर ज्योति रंधावा ने बोट चलाई । इस दौरान पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भी जमकर बरसात हुई। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है।

दिल्ली- एनसीआर में सुबह से ही शुरू हुई बारिश करीब चार घंटे तक जारी रही। इस कारण दिल्ली के साकेत स्थित एपीजे स्कूल की बाउंड्री गिर गई, जिसके मलबे में दबकर 10 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मकान का एक हिस्सा



गिर गया। दिल्ली-एनसीआर में मूसलाधार हुई बारिश की वजह से कई इलाकों में सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। उधर, हिमाचल प्रदेश में कई क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। राज्य में बारिश और भूस्खलन के कारण कई सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ है। बारिश से जम्मू-कश्मीर की चिनाब और तवी नदी का जलस्तर बढ़ा गया है।

जोरदार बारिश में गुरुग्राम के सोहना रोड की आलीशान सोसायटी तत्वम विला भी जलभराव से बच नहीं पाई। सोसायटी में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय गोल्फर ज्योति रंधावा ने इस जलभराव में अपने घर से सोहना रोड तक बोट चलाई। उन्होंने वाटर बोट चलाने का वीडियो भी ट्विटर पर पोस्ट किया।

बंगाल की खाड़ी में गहरा कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इसके गुरुवार को पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ने के आसार हैं। इसके प्रभाव से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश में अच्छी बरसात होने के आसार हैं। कई जगहों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने ऊना, सिरमौर व कांगड़ा जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अरब सागर से नमी भरी दक्षिणी पश्चिमी, जबकि बंगाल की खाड़ी से पूर्वी हवा चल रही है। इसी के असर से बारिश हुई। गुरुवार को भी बारिश का यह दौर चलता रहेगा। कभी तेज बारिश हो सकती है तो कभी हल्की। दिनभर बादल छाए रहेंगे। अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 31 और 25 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं और भूस्खलन से 70 से ज्यादा मार्गों पर आवाजाही बाधित हो गई है। सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच छह किमी की दूरी में हाईवे पर कई जगह मलबा आ जाने के कारण केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को सोनप्रयाग में रोक दिया गया है। हरिद्वार में गंगा चेतावनी रेखा पर पहुंच चुकी है, जबकि ऋषिकेश में यह इसके करीब है।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### दो बेटो की हत्या के बाद एफआईआर के लिए भटक रहा पिता

**करछना।** बीते 7 अगस्त को करछना थाना क्षेत्र के टकटैया गाव मे रास्ते के विवाद को लेकर दो सगे भाइयो की पीटकर हत्या कर दी गई थी।तब से अबतक मृतको के पिता हत्या में शामिल अ?य लोगो के खिलाफ नाम दर्ज कराने के लिए अधिकारियो का चक्कर काट रहा है।हत्या में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।आरोप है कि मामले मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के का हाथ होने के बावजूद करछना पुलिस मामले मे लीपापोती करने मे जुटी है।जबकि सीओ करछ?ा मे एसो करछना को प्रधान प्रतिनिधि का नाम दर्ज करने का आदेश दिया था लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस कोई कार्यवाही नही कर रही है।आजिज आकर पिता बाबादीन पटेल ने मुख्यमंत्री और एसएसपी प्रयागराज को दिए शिकायती पत्र मे बेटो की हत्या मे खडयंत्रकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है।

## पति की धमकी से पत्नी ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**घूरपुर।** घूरपुर के सारंगापुर गांव में एक दर्दनाक घटना हो गई। पति के दिए धमकी को पत्नी ने सही कर दिखाया।शराब का लती पति ने शराब पीने के लिए पत्नी से रुपए मांगा तो पत्नी ने रुपए देने से इंकार कर दिया। तो उसने पत्नी को जमकर पिटाई कर उसे ट्रेन के आगे कूद मर जाने की धमकी दे दी।इस रोजाना मारपीट से तंग पत्नी ने उसके धमकी को सही कर डाली ।गांव के पास रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के आगे कूद जान दे दी।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। विवाहिता के मायके पक्ष के पहुंचे लोगों ने पति के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। और चेतावनी दी की यदि मुकदमा नही दर्ज किया जाऐगा तो पीएम से शव मिलने के बाद शव रख चक्काजाम किया जाऐगा।

अद्यौगिक थाना क्षेत्र के प्रेमचंद्र ने वर्ष 2007 में अपनी बेटी कलावती का विवाह घूरपुर थाना क्षेत्र के सारंगापुर निवासी रामखेलावन के बेटे कमलेश के साथ की थी। आरोप है कि पति शराब पीने का लती था। रोजाना पत्नी को मारता पीटता था। बुधवार की सुबह 6 बजे भी पति कमलेश ने पत्नी कलावती से शराब पीने के लिए रुपए मांगा तो उसने यह कहते हुए की रुपए नही है। देने से इंकार कर दिया तो उसने जमकर पिटाई कर कहा कि रुपए नही है तो जा ट्रेन के आगे कूद जांन दे दे। रोजना मारपीट से आजिज कलावती ने उसी समय घर से निकल गांव के पास मुंबई रेल मार्ग पर पहुंच ट्रेन के आगे कूद जांन दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पाते ही मायके पक्ष के भी दर्जनों लोग पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए मृतका के भाई जय बाबू ने उक्त आरोप लगाते हुए कमलेश के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। और चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नही की गई तो मुंगारी गांव के सामने मिजार्पुर मार्ग पर पीएम से शव लेने के बाद शव रख चक्काजाम किया जाऐगा।मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।मृतका के दो बेटे व एक बेटी है। विशाल 12,नैशी 6,समीर 4 तीनों को रो रोकर बुरा हाल है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारे

## वृद्ध की हत्या करने वाले तीन आरोपी गये जेल

**करछना।** तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम पचायत गधियाव के मजरा मदार्पुर मे जमीन विवाद मे एक वृद्ध की पीट पीटकर हत्या कर दी गई थीएपीड़ित के परिजनो ने करछना थने मे नौ आरोपियो के खिलाफ मामला पजीकृत कराया था जिसमे तीन आरोपि?ो को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया।उक्त गाव मे दो पट्टीदारो मे दिनेश कुमार पाण्डेय पुत्र लल्लन पाण्डेय व वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के बीच काफी पुराना जमीन विवाद चला आ रहा था जिसे लेकर शनिवार को दो पक्ष आपस मे भिड़ गये जिसमे गभीर रूप से घायल दिनेश की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।जिसमे 9 नामजद मे से सौरभ पाड़ेय उर्फ मोनू पुत्र मनोज कुमार पाडेयएसुरेन्द्र कुमार पाडेयपुत्र स्व0 त्रियुगी नारायण पाडेयएरत्नेश कुमार पाडेय को पचदेवरा चौराहे के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।अन्य की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

## बनाएं सामाजिक दूरी,परिवार संग मनाए त्यौहार

**शंकरगढ़।** कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को लेकर मुहर्रम और गणेश चतुर्थी पर विशेष एहतियात बरतने की अपील की गई है।जुलूस निकालने,मजमा लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने,मास्क ना लगाने पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। बुधवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम बारा गौरव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि कोरोना का प्रकोप अभी भी बढ़ रहा है, इसे रोकने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। इसलिये आने वाले त्योहारों में पहले की तरह भीड़ ना बटोरें, जुलूस ना निकालें और त्योहार घर पर ही मनाएं।एसडीएम ने कहा कि गणेश चतुर्थी और मोहर्रम के मद्देनजर शासन की तरफ से जारी



बैठक में उपस्थित लोग

गाइडलाइन का सभी लोग पालन करें। कोरोना कब किसको अपनी गिरफ्त में ले ले कुछ कहा नहीं जा सकता,ऐसे में इसका संक्रमण फैलने से रोकने के लिए एक मात्र उपाय खुद का बचाव है। यदि सभी लोग खुद और परिवार के बचाव पर भी ध्यान दें तो इसके फैलते संक्रमण पर पूरी तरह से काबू पाया जा सकता है। आने वाले दिनों में तमाम त्यौहार पड़ेंगे, खरीददारी के लिए जब भी घर से बाहर निकलें मास्क जरूर पहनें, दुकान पर अनावश्यक भीड़ ना लगाएं, जगह मिलने पर ही खरीदारी करें। इससे न केवल संक्रमण रुकेगा बल्कि लोगों की व्यवस्था में ढील इसी प्रकार बनी रहेगी। वहीं क्षेत्राधिकारी बारा आर.पी. दोहरे ने बताया कि पांडाल लगाने, स्थापित करने पर पूर्णतया रोक लगाई गई है। मोहर्रम पर किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। सभी लोग प्रार्थना और इबादत घर पर ही रहकर करें। बैठक में थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने गणेश चतुर्थी और मोहर्रम की तैयारी पर लोगों से राय मांगी और अपनी व्यवस्था से सभी को अवगत कराया और कहा कि जुलूस निकालने और लाउडस्पीकर बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। सभी लोग कानून का पालन करें अन्यथा सीधे सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। इस मौके पर पीपीजीसीएल चौकी इंचार्ज रामप्रवेश यादव, उपनिरीक्षक रमेश कुमार, उपनिरीक्षक उमाशंकर, मसुरिया दीन वर्मा,अंजनी लाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष यमुनापार सोमनाथ वर्मा, सलीम हाफिज जी, प्रधान अशोक कुमार, अरुण सिंह, व्यापार मंडल महामंत्री रतन केसरवानी, जय केसरवानी, सार्थक गुप्ता, राजेश केसरवानी, अरविंद केसरवानी, मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी, वारिस अली,छन्ने ताजियादार आदि लोग मौजूद रहे।

## नहर में देखी गयीं हाथ पांव सिर कटी हुई लाश

**मऊआइमा।** शारदा सहायक नहर में एक सिर विहिन हाथ पांव कटी हुई लाश ग्रामीणों ने देख कर इसकी सूचना पुलिस को दी । घंटों शिनाख्त न होने पर शव नहर में बह गई। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मलखानपुर से गुजरी शारदा सहायक नहर में बुधवार को शाम के समय ग्रामीणों ने एक शव देख कर इसकी सूचना पुलिस को दी ।.मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो शव नहर में गाडे गाए एक बांस में फंसी हुई मिली ।बताया गया है कि शव का हाथ पांव तथा सिर नहीं था। और शव के निकट एक खाली बैग भी मिली । परन्तु उसमें शिनाख्त के लिए कुछ भी नहीं था । पुलिस देर शाम तक शव की शिनाख्त करवाने में जुटी हुई थी । परन्तु शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। बता दें कि 8 अगस्त को ग्राम मलखानपुर से एक युवक बाइक लेकर निकला था । दो दिनों बाद उसका पर्स इसी नहर की पटरी पर मिली थी तथा बाइक वाराणसी के थाना मिर्जा मुराद में पुलिस ने बरामद किया था। आज तक उक्तयुवक का कोई पता नहीं चला है ।फिलहाल मऊआइमा पुलिस शव को नहर से न निकाल कर बताया कि किसी ने कहीं नहर में शव का अन्तिम संस्कार किया है । चूंकि शव में बांस बंधा हुआ था । फिलहाल गांव में तरह तरह की चर्चा व्याप्त है ।

## बैंक ऑफ इंडिया शाखा टेला में उड़ रही सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के पंकज नगर चौराहा स्थित बैंक ऑफ इंडिया टेला शाखा में सोशल डिस्टेंसिंग का धज्जियां उड़ाई जा रही है जहां ग्राहक एक दूसरे के करीब होकर लाइन में खड़े होकर जमाल निकासी कर रहे हैं वही वहीं सरकार के निर्देश का धज्जियां उड़ाई जा रही है। वही बैंक के अधिकारी व कर्मचारी सब कुछ देखते हुए भी अंजान बने हैं। हडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया टेला मे जमकर सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाई जा रही है ना तो बैंक प्रशासन और ना ही संबंधित विभाग गंभीर नजर आ रहा है जमा निकासी के लिए खड़े खाताधारक संक्रमण आशंका से दहशत में जी रहे हैं लॉकडाउन के दौरान प्रशासन और शासन की तरफ से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए तमाम वह कवायद की जा रही है लेकिन बैंक ऑफ इंडिया मे सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है बैंक में सोशल डिस्टेंसिंग का जरा सा भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है वही बैंक मे गार्ड भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है वही खाता धारक चिलचिलाती गर्मी मैं अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं। खतरनाक जानलेवा कोरोनावायरस के मरीजों में लगातार जहां क्षेत्र में इजाफा होने के बाद भी बैंक के लोग जानलेवा संक्रमण के प्रति बेपरवाह बने हुए हैं बैंकों में पैसा निकालने के लिए पहुंचे लोगों की भीड़ जहां सोशल डिस्टेंसिंग तार तार नजर आ रही है वहीं कई लोग बिना मास्क और गमछा के ही लाइन में लगकर कोरोनावायरस दे रहे हैं । बैंक के बाहर 45 डिग्री तापमान में खड़े खाताधारकों ने बैंक पर लापरवाही के साथ ही बैंक हीला हवाली करने का आरोप लगाया है। वहीं लोगों का कहना है कि अगर समय रहते बैंक इसको गंभीरता से नहीं लिया तो इसका परिणाम लोगों के सामने नजर आएगा। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## फांसी लगाकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के मालवीय नगर अहिराना मोहल्ले में मंगलवार की देर रात एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। मुट्ठीगंज के मालवीय नगर अहिराना मोहल्ला निवासी राम चन्द्र यादव (65वर्ष) पुत्र जगन्नाथ प्रसाद यादव किसी तरह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जा रहा है उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। बुधवार भोर में राम चन्द्र यादव ने फांसी लगाकर जान दे दिया। सुबह परिवार के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## अतिक्रमण के चलते जाम से परेशान आम जनता

केवला प्रसाद वर्मा

**हण्डिया।** क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बरौत कस्बे में राजमार्ग के पटरियों पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे दैनिक यात्रियों व आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जहां एक तरफ सोशल अर्थात सामाजिक दूरी का पालन करने का शासन के द्वारा हिदायत दी जा रही है। वहीं बरौत कस्बे यह हिदायत क्षलवा साबित हो रही है। पुलिस की निष्क्रियता से यात्रियों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस की वसूली जाम का कारण बन रही है। बताया जाता है कि पुलिस की वसूली दाद में खाज का काम कर रही है। मार्ग पर लगने वाले फल और ठेलो के कारण रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे लोगों को जाम से दो चार होना पड़ रहा है। दुकानदार भी पूरी तरह मनमानी पर उतारू है। वहीं ठेले वाले भी जाम की समस्या को बढ़ा दे रहे हैं। बरौत पुलिस जाम की समस्या को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है । पुलिस आम जनता की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वहीं दूसरा कारण कस्बे में ओवर ब्रिज का काम भी चल रहा है। इसके बावजूद भी स्थानीय पुलिस इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। परिणाम स्वरूप जाम की समस्या आम होती जा रही है ।

आपको बता दें कि बरौत कस्बे में अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो जाती है। लोगों का मुख्य मार्ग से निकलना भी दुर्लभ हो जाता है। प्रशासन और राजनेता इसी राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते हैं परंतु उनका ध्यान नहीं जाता है। स्थानीय पुलिस पूरी तरह से मूकदर्शक होकर बंद कमरे में बैठी हुई रहती है। और यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है । यातायात अव्यवस्थाओं के कारण दुर्घटनाएं हो सकती हैं । कई बार मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति भी बन जाती है। जिस पर डायल 112 के लोग आकर जाम खुलवा आते हैं। फिर भी प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है । वही स्थानीय पुलिस इस मामले में अपनी मर्जी से कोई भी कार्यवाही नहीं करना चाहती । इस कारण यातायात व्यवस्था दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। आम आदमी को सड़क पर चलना दूभर होता जा रहा है । हैरान परेशान आम व्यक्ति इस समस्या से कैसे निजात पाएगा। इसको लेकर प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा है । साथ ही सड़क पर ही ऑटो रिक्शा आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे यहां जाम लगना आम बात है । पास में अस्पताल होने के कारण मरीजों को परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। कई बार तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर एंबुलेंस ओं को ले जाना भी मुश्किल हो जाता है । अंडा पकौड़ी वालों ने भी रोड पर अतिक्रमण कर रखा है। जबकि कस्बे से चंद कदम दूरी पर ही बरौत चौकी स्थित है लेकिन सड़क पर अतिक्रमणकारियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है वजह है पुलिस की वसूली । कस्बे में प्रत्येक चौराहे पर जाम लगना आम बात हो गई है । सड़क के दोनों किनारे पर स्थाई रूप से दुकान लगाकर आम लोगों को बीच सड़क पर चलने के लिए मजबूर कर दिया गया है । वाहन स्टैंड ना होने के कारण सड़क ही स्टैंड बन जाता है। जिसके चलते कमोवेश दिन भर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं । जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## 20 व 21 अगस्त को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट बंद, केवल अर्जेन्ट मामलों की होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधानपीठ प्रयागराज व लखनऊ खंडपीठ 20 व 21 अगस्त को भी बंद रहेगी। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए चीफ जस्टिस गोविन्द माथुर ने यह आदेश दिया है। इस दौरान सिर्फ अति आवश्यक मामलों की ही सुनवाई की जायेगी। प्रधान पीठ में चीफ जस्टिस और लखनऊ बेंच में सीनियर न्यायमूर्ति अर्जेंट मामलों की सुनवाई करेंगे और सिर्फ ई-फाइलिंग के जरिये केस दाखिल होंगे। मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित विशेष पीठें भी जरूरी मुकदमों की सुनवाई करेंगी। इस बीच शारीरिक रूप से मुकदमों के दाखिल करने की अनुमति नहीं है।

कोरोना पीड़ितों की बढ़ती संख्या देखते हुए हाईकोर्ट में विगत दो सप्ताह से अदालतें बंद है। अर्जेन्ट मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने हाईकोर्ट की वेबसाइट पर जाकर अर्जी दाखिल करने की छूट दी है। अर्जी पर विचार करने के बाद ही कोर्ट उस मुकदमें कोई यदि अर्जेन्ट समझती है तो सुनवाई करेगी। न करने की दशा में दाखिल मुकदमों की सुनवाई अपने क्रम में होगी। मालूम हो कि कोरोना वायरस महामारी के चलते जून में दाखिल मुकदमों की सुनवाई का अभी नम्बर नहीं आया है ।

## सहज जनसेवा केंद्र के संचालक से 1.80 लाख रुपये की लूट

**प्रयागराज,जेएनएन।** थरवई थाना क्षेत्र के माता चौराहे के पास बुधवार देर शाम करीब सात बजे सहज जनसेवा केंद्र के संचालक से बदमाशों ने 1.80 लाख रुपये लूट लिए। विरोध करने पर संचालक और उसके साथी को तमंचे के बट से मारकर जख्मी कर दिया। दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े बदमाश बाइक छोड़कर थोड़ी दूर पर खड़ी स्कार्पियो में सवार होकर भाग निकले। जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की धरपकड़ के लिए कई जगह नाकेबंदी की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।



घायल संचालक

थरवई थानांतर्गत नारायणपुर गांव निवासी शिवा त्रिपाठी गारापुर बाजार में सहज जनसेवा केंद्र चलाते हैं। उनके साथ सहयोगी के रूप में घनंजय त्रिपाठी निवासी नींवी भी रहते हैं। बुधवार देर शाम करीब सात बजे केंद्र बंद कर दोनों बाइक से घर को रवाना हुए। शिवा के पास बैग था, जिसमें 1.80 लाख रुपये, लैपटाप व अन्य सामान थे। माता चौराहे के पास बाइक पर तीन बदमाश आए और तमंचा दिखाते हुए उनको रोक लिया। शिवा के हाथ से रुपये से भरा बैग छीनने लगे। शिवा और घनंजय ने विरोध किया तो दोनों की पिटाई की गई। तमंचे के बट से मारा गया। इसके बाद भी जब दोनों बदमाशों से भिड़े रहे तो दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की। चीख पुकार और गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण हल्ला मचाते हुए घटनास्थल की तरफ दौड़े। पकड़े जाने के डर से बदमाश फायरिंग करते हुए कुछ ही दूर पर खड़ी सफेद रंग की स्कार्पियो में बैठकर झूंसी की तरफ भाग निकले। जानकारी पाकर थाना प्रभारी थरवई राकेश चौरसिया मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया भिजवाया। बदमाशों की बाइक कब्जे में ली गई। इंस्पेक्टर का कहना है कि स्कार्पियो में सवार लोग बदमाशों के साथी थे जो साथ-साथ लगे थे। सभी की धरपकड़ की कोशिश की जा रही है।

## अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मेलाधिकारी को ज्ञापन

**प्रयागराज।** पुरोहितों पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले को लेकर प्रयागबाल सभा के पदाधिकारियों ने बुधवार को मेलाधिकारी को ज्ञापन दिया। पदाधिकारियों ने मांग किया है कि सेना की आड़ में धार्मिक उन्माद फैलने वाले कर्मचारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। चेतावनी दिया है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आन्दोलन करेंगे।

प्रयागवाल सभा के पदाधिकारियों एवं तीर्थपुरोहितो पर मेला प्रशासन आरती समिति के कर्मचारी दीपू मिश्रा ने फेसबुक पर सेना की आड़ लेकर अभद्र टिप्पणी की गई है। टिप्पणी से आक्रोशित प्रयागवाल सभा के पदाधिकारियों ने मुकदमा भी दर्ज करा दिया है। आरोपित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर बुधवार दोपहर माघ मेला प्रशासन कार्यालय में ज्ञापन दिया। मांग किया है कि अभद्र टिप्पणी का मेला प्रशासन खण्डन करें।ज्ञापन देने वालों में प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष हरिशंकर पाण्डेय, महामंत्री दिलीप कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अमित आलोक पाण्डेय, घनश्याम शर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरितालिका तीज व्रत: सुहागिनों के मनोरथ पूरे कर विकार दूर करती है शिव की आराधना

**आलोक गुप्ता-**

**शंकरगढ़।** हरतालिका तीज के व्रत को लेकर बाजारों में हलचल दिखने लगी है। सुहागिनों के अखंड सौभाग्य के द्वार खोलने वाला यह व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस बार हरतालिका तीज (तृतीया) 21 अगस्त को पड़ रही है। कोरोना महामारी के बीच इसकी खरीदारी शुरू हो गई है। टेलर की दुकानों पर भी ब्लाउज इत्यादि की सिलाई का काम तेजी से चल रहा है। श्रृंगार की दुकानें सज गई हैं। मेहंदी लगवाने के लिए एडवांस में बुकिंग हो गई है।

मान्यता है कि यह व्रत सुहागिनों के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। हरतालिका तीज का व्रत करने वाली महिला को अच्छे पति का सुख प्राप्त होता है और कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है और उनकी शादी अच्छे घर में होती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन सच्चे मन से व्रत करने और शिव व पार्वती की पूजा करने से दांपत्य दोष, विवाह न होना या देर से होना तथा मंगली दोष दूर होते हैं।

**हरितालिका तीज पर ऐसे करें पूजा**

सुबह गंगा जल डालकर स्नान करें। व्रत शुरू करें और सोलह श्रृंगार करें। हरितालिका तीज में श्रीगणेश, भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। सबसे पहले मिट्टी से तीनों की प्रतिमा बनाएं और भगवान गणेश को तिलक कर- के दूर्वा अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव को फूल, बेलपत्र और



शमिपत्री अर्पित करें और माता पार्वती को श्रृंगार का सामान अर्पित करें। तीनों देवताओं को वस्त्र अर्पित करने के बाद हरितालिका तीज व्रत कथा सुनें या पढ़ें। इसके बाद श्रीगणेश की आरती करें और भगवान शिव और माता पार्वती की आरती उतारने के बाद भोग लगाएं। इस दिन कन्याओं और महिलाओं को मेहंदी लगानी चाहिए। इस दिन लाल साड़ी या लाल जोड़ा ही पहनें। सजने संवरने में लाल, हरी चूड़ियां, काजल, बिंदी का भी प्रयोग करें और लाल चुन्नी भी ओढ़ें। इसके बाद पूजन सामग्री में फूलों की माला, फल, भोग के लिए लड्डू, पान, सुपारी, इलायची, लोंग के साथ ही सोलह श्रंगार की वस्तुएं खासतौर पर रखी जाती हैं। इनमें लाल साड़ी, चूड़ियां, बिंदी, कुमकुम, मेंहदी, पायल आदि सामिल होते हैं। शिवजी के पूरे परिवार की पूजा करने के बाद नौ ग्रहों की पूजा भी की जाती है।

**शिव- पार्वती के प्रेम का प्रतीक तीजा**

अर्धनारीश्वर भगवान शिव अपनी पत्नी पार्वती जी को बहुत अधिक प्रेम करते थे। प्रेम के प्रतीक स्वरूप उन्होंने अपना आधा स्वरूप भगवती पार्वती को दे दिया। मां पार्वती भी उसी तरह भगवान शिव को प्रेम करती थी। नारद के द्वारा विष्णु के साथ विवाह का प्रस्ताव आने पर भी उन्होंने यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि ₹महादेव अवगुन, भवन, विष्णु, सकल गुन खानि, जाकर मन, रम जाहि सो तेहिं ताही सब काम।₹ यानी विष्णु भगवान भले ही गुणी हैं और शिवजी भले ही अवगुणों के खजाना है, फिर भी मैंने उनको अपने मन में बसा लिया है। इसलिए मैं उन्हीं से विवाह करूंगी। इस प्रण के साथ उन्होंने भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया नक्षत्र में शिवजी का व्रत किया और शिव की कृपा हुई। इसलिए कुंवारी और सौभाग्यवती दोनों तरह की स्त्रियां अपने सौभाग्य के लिए हरितालिका तीज का व्रत करती हैं।

## आनलाइन शिकायतों का दफ्तर में बैठकर लगा दी जाती है फाइनल रिपोर्ट

**करछना।** जंहा शासन द्वारा ऑनलाइन शिकायत के माध्यम से जन सुनवाई व मुख्यमंत्री पोर्टल पर हो रही शिकायतो का एक सप्ताह के अंदर शिकायतकर्ता को बुलाकर जांच पड़ताल के माध्यम से संतुष्ट करने का प्रावधान है।किंतु विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता व धनकमाऊ नीति के चलते बिना शिकायत कर्ता के जानकारी के ही कार्यालयों में बैठकर बिना किसी जांच पड़ताल के ही समस्याओं का मातहतों द्वारा जिनके खिलाफ शिकायत की गई है लेनदेन करके निस्तारण दिखा दिया जा रहा है।जिससे शिकायतकताओं का जंहा एक तरफ पोर्टल पर से विश्वास उठता चला जा रहा है।तो वही दूसरी तरफ प्रकरण को गम्भीरत से न लेने पर मारपीट व हत्या की घटनाएं आम बात सी हो गयी है। जिस पर शासन.प्रशासन द्वारा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के बजाय मौन धारण किये हुई है।जिससे उनके हौसले बुलंद है।जानकारी के अनुसार गधियाव गांव के मदार्पुर में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट व हत्या के मामले में दोनों पक्षों द्वारा लगातार वर्षो से तहसील व थाने का चक्कर काटते थक जाने के पश्चात उक्त कदम नही उठाया गया।इसी प्रकार एपी सिंह द्वारा की गई शिकायत का एसआई धीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बिना जांच किये ही निस्तारण दिखा दिया है। ये तो सिर्फ बानगी है इसी तरह से अनेको मामले सज्ञान में है।जिस पर कार्यवाही करने के बजाय निस्तारण दिखा दिया गया है।जिसकी उच्चधिकारियों से जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### चाय बनाने के दरमियान गैस सिलेंडर से लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

**बरौत ।** क्षेत्र के जसवा गांव में चाय बनाने के दर्मियान में घर में आग लग गई धीरे-धीरे घर आग विकराल रूप धारण कर लिया। वही ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाब रहे। बरौत गांव निवासी संगम पांडे पुत्र राम किशोर पांडे जो कि किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बुधवार सुबह घर में चाय बनाने के दरमियान अचानक आग लग गई।आग धीरे-धीरे पूरे घर में फैल गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण भारी संख्या में इकठ्ठा हो गई। वही बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को तथा 112 नंबर पर सूचना दिया। वही पीड़ित ने बताया कि घर में रखे गेहूं चावल कपड़ा अन्य गृहस्थी सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित के अनुसार लगभग लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। फिर हाल सामान जलने से परिजनों में का रो रो कर बुरा हाल है।

## आईजी रेंज ने 'पुलिस मित्र' वेबसाइट का किया शुभारम्भ

**प्रयागराज।** परिक्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज कवीन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को पुलिस मित्र की वेबसाइट ह्यपोलिसमित्र.ओआरजीह्ल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वेबसाइट बनाने वाली टीम को आईजी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं सभी का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर आईजी रेंज प्रयागराज कवीन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त वेबसाइट में कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन करके रक्तदाता बन सकता है। इसमें जो भी आमजन रक्तदान करेंगे या जिनको रक्त की जरूरत होगी, दोनों लोगों का पुलिस मित्र टीम द्वारा वेरिफिकेशन किया जाएगा, उसके बाद ही मदद की जाएगी। अगर परिवार के लोग अपनों को रक्त नहीं दे रहे हैं तो उनको रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस वेबसाइट के माध्यम से पुलिस मित्र के बारे में समस्त जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस वेबसाइट में ह्लरिक्वेस्टह्ल का कालम है जिस पर कोई आमजन या पुलिसकर्मी ब्लड के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि ह्लपुलिस मित्रह्ल एक ऐसा मंच जहां ह्लपुलिस और पब्लिकह्ल एक साथ मिलकर रक्तदान-महादान जैसा मानवीय कार्य कर रहे हैं। जिसके माध्यम से अब तक 1500 से भी ज्यादा जिंदगियां बच चुकी हैं। तीन वर्षों से भी अधिक समय से लगातार चल रही ये मुहिम आज उत्तर प्रदेश ही नहीं भारत के अन्य राज्यों में भी मदद पहुंचा रही है। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य रक्त के अभाव में जा रही जिंदगियों की रक्षा करना है। इसमें पुलिस और पब्लिक का महत्वपूर्ण योगदान है।



पुलिस मित्र वेबसाइट का शुभारम्भ करते आईजी

आईजी ने बताया कि यह मुहिम उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जनपदों में तथा भारत के 18 राज्यों में चल रही है। आने वाले समय मे सम्पूर्ण भारत में इस मुहिम के माध्यम से लोगो के जान की रक्षा करनी है। उन्होंने बताया कि इस सफर की शुरूआत पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय प्रयागराज में तैनात आरक्षी आशीष कुमार मिश्र द्वारा 25 फरवरी 2017 को जनपद प्रयागराज से की गई। इस आरक्षी ने अपने ड्यूटी के साथ-साथ इस सफर की शुरूआत की और आज एक बड़ा कारवां बन गया। पुलिस महानिरीक्षक ने इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि यह सराहनीय पहल है। आईजी रेंज प्रयागराज द्वारा स्वयं हर तीन माह पर रक्तदान कर लोगों को जागरूक किया जाता है।

इस वेबसाइट को यूनाइटेड इंजीनियरिंग कालेज नैनी, प्रयागराज के कंप्यूटर साइंस के इंजीनियर संजीव और ऋषभ ने निःस्वार्थ भाव से पुलिस मित्र की सेवा भावना से प्रभावित होकर निःशुल्क तैयार किया है। इनका कहना है कि पुलिस मित्र के साथ जुड़कर ये मानवीय कार्य करना उनके लिए उत्साहवर्धन है। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय की ओएसडी डॉ. मधुलिका पाठक, निरीक्षक गोपनीय सहायक इब्ने हसन रिजवी, प्रधान लिपिक शाखा की प्रभारी निरीक्षक विमला देवी, पीआरओ महेश मिश्रा, मीडिया सेल प्रभारी रवि प्रकाश सिंह एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस मित्र के सदस्य प्रवीण अग्रवाल, आशीष शुक्ला, विकास वर्मा, सिकन्दर प्रजापति, विपुल श्रीवास्तव, इंजीनियर ऋषभ आदि उपस्थित थे।

### दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में किसान की मौत

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र में इफ्को के पास बुधवार की दोपहर दो मोटर साइकिलों की हुई भिड़ंत में एक किसान की मौत हो गई। जबकि दूसरा मोटरसाइकिल चालक मामूली रुप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सराय इनायत थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा (50) किसाना था। बुधवार को सब्जी बेचने के लिए फूलपुर मण्डी गया, जहां वापस लौटते समय रास्ते में इफ्को के पास उसकी मोटर साइकिल अचानक सामने से आ रही मोटर साइकिल से जा भिड़ी। हादसे में दोनों मोटर साइकिल चालक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए फूलपुर सरकारी अस्पताल में ले गई, जहां चिकित्सकों ने सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया और दूसरे मोटरसाइकिल सवार का उपचार शुरू कर दिया।

## कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण नही तो फैल सकती है महामारी : हाईकोर्ट

### डीएम व एसएसपी की सफाई पर अवमानना कार्यवाही रुकी

**प्रयागराज।** कोविड-19 को लेकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन न कराने को लेकर तलब प्रयागराज के डीएम और एसएसपी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिलहाल अवमानना कार्यवाही स्थगित कर दी है। दोनों अधिकारियों द्वारा दी गई सफाई और ठोस कदम उठाने के आश्वासन को देखते हुए कोर्ट ने कार्यवाही रोकी है। कोर्ट ने कहा कि हालांकि राज्य सरकार और जिला प्रशासन संक्रमण फैलाव रोकने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। किंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यदि ऐसी ही लापरवाही चलती रही तो आगे चलकर यह बीमारी महामारी का रूप ले सकती है।

कोर्ट ने उम्मीद जाहिर की है कि प्रदेश की पुलिस एवं जिला प्रशासन संक्रमण नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठायेंगे। इस पर नियंत्रण के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सरकारी गाइडलाइन को पूरी तरह से अमल में लाया जाएगा। किसी को भी घर के बाहर बिना मास्क के निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी और सभी को सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। प्रयागराज क्वॉरेंटाइन सेंटर में व्याप्त गंदगी व अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाओं को



लेकर कायम जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यह आदेश इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने दिया है।

अधिवक्ता राम कौशिक व प्रियंका मिड्डा ने कुछ फोटोग्राफ दाखिल कर प्रयागराज के जिलाधिकारी और एसएसपी के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर कोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी एवं एसएसपी अभिषेक दिक्षित वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में हाजिर हुए और उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी और साथ ही आश्वासन दिया कि संक्रमण पर नियंत्रण किया जाएगा।

कोर्ट ने जब जिलाधिकारी से पूछा कि क्या सरकार की गाइडलाइन को लागू करने के लिए अपने स्तर पर आपने भी निर्देश जारी किए हैं तो उन्होंने कहा कि निर्देश जारी किए हैं, किंतु ऐसा कोई आदेश को दिखाने में असमर्थ रहे। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड चेक करके शहर में धारा 144 लागू करने के निर्देश की जानकारी कोर्ट में पेश की जाएगी।

कोर्ट ने प्रयागराज में लेवल 3 के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के बारे में अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल से जानकारी मांगी। उनकी मदद के लिए सीएमओ और मोतीलाल नेहरू हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह मौजूद थे। गोयल ने कोर्ट को बताया कि वार्ड नंबर 7 और 8 को कोरोना मरीजों के लिए आईसीयू में तब्दील किया गया है। जिसमें 40 वेड की व्यवस्था की गई है। 12 डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है, जो 24 घंटे निगरानी रखते हैं। वार्ड 9 और 10 प्रत्येक में 30 बेड, वार्ड संख्या 15 व 16 प्रत्येक में 48 बेड, कुल 156 बेड हैं। जिन्हें आइसोलेशन वार्ड के रूप में तब्दील किया गया है। यह 156 बेड आईसीयू के 40 बेड के अतिरिक्त हैं। वार्ड संख्या 14 एचडी यूनिट घोषित कर दिया गया है और इसमें 48 बेड हैं।

कोर्ट ने जरूरी दवाओं की उपलब्धता की जानकारी मांगी और पूछा है कि रात्रि में आपातकालीन सेवा की क्या व्यवस्था है। कोर्ट ने कोरोना पेशेंट तेलियरगंज की चुन्नी देवी के स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान शौचालय के लिए जाते हुए रास्ते में गिर कर मरने की घटना को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने कहा कि चुन्नी देवी फर्श पर गिरी हुई हैं, उनके पास कोई नर्स या डाक्टर काफी देर तक नहीं पहुंचा। कोर्ट ने इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है और पूछा है कि स्वरूपरानी में कोरोना के कितने मरीज भर्ती हुए। कितनी मौत कोरोना से और कितनी मौत दूसरी बीमारी के कारण हुई है। कोर्ट ने कोरोना मेडिकल फोर्स की कमी की तरफ इशारा किया और कहा कि 15 मरीज पर कम से कम तीन नर्स और एक डॉक्टर होने चाहिए।

कोर्ट ने अस्पताल प्रशासन व राज्य सरकार से कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वरूपरानी में स्टाफ की संख्या बढ़ाए जाने की जानकारी मांगी है। गोयल ने कहा कि लेबल दो और लेबल तीन अस्पतालों में स्टाफ बढ़ाए जाने पर जानकारी देंगे। कोर्ट ने अस्पतालों में दवा की उपलब्धता पर भी जानकारी मांगी है और कहा कि वेबसाइट पर एक डेटाबेस तैयार की जाए ताकि जांच आईडी नंबर से एक क्लिक में लोगों को जांच रिपोर्ट आसानी से मिल सके। सीएमओ प्रयागराज ने स्वीकार किया कि पहले जांच रिपोर्ट आने में देरी होती थी लेकिन अब से 36 से 48 घंटे में रिपोर्ट लोगों को दी जा रही है। अरविन्द कुमार ने शिकायत की कि आगरा में जांच कम हो रही है और मरने वाले कोरोना मरीजों की संख्या कम बतायी जा रही है। कोर्ट ने सरकार से जानकारी तलब की है।

नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के मामले में कोर्ट ने दो एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है। एडवोकेट कमिश्नर चंदन शर्मा व राम कौशिक अतिक्रमण हटाने की जगहों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। यह भी देखेंगे कि दुबारा अतिक्रमण तो नहीं हुआ है। कोर्ट ने नगर निगम और जिला प्रशासन को एडवोकेट कमिश्नर की हर तरह से मदद करने का निर्देश दिया है। नगर निगम के अधिवक्ता एसडी कौटिल्य ने कहा कि नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग नहीं है और न ही कोई डॉक्टर है। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानकारी मांगी है कि नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग क्यों नहीं है? यदि यहां डॉक्टर होता तो सफाई व्यवस्था देख सकता। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि नालों की सफाई हुई है या नहीं, डीडीटी का छिड़काव हो रहा है या नहीं, हर मोहल्ले में मच्छरों को मारने के लिए फागिंग हो रही कि नहीं। कोर्ट ने कहा कि सुनने में आ रहा है केवल वीआईपी और पॉस इलाके में ही फॉगिंग हो रही है। कोर्ट ने सब्जी विक्रेता व अन्य दुकानदारों को वेन्डिंग जोन बनाकर वहां स्थान दिये जाने के बारे में भी रिपोर्ट मांगी है। नगर निगम से जगह जगह पर लगाए गए डस्टबिन का भी ब्यौरा मांगा है। याचिका की सुनवाई 25 अगस्त को होगी।



किताब का विमोचन करते हुए महाप्रबंधक व अन्य

## कोर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई ऑनलाइन

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में बुधवार को महाप्रबंधक यशपाल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई।

महाप्रबंधक ने कहा कि कोविड-19 महामारी के इस दौर में हम सबका सौभाग्य है कि हम स्वस्थ रहते हुए बैठक में भाग ले रहे हैं। कोविड-19 एवं लाकडाउन संकट के बावजूद हमारी अहमदाबाद परियोजना ने तकनीकी संगोष्ठी, प्रेमचंद जयंती एवं बैठक का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि कोर की तरह परियोजनाओं में भी पुस्तकालय की पुस्तकें वेबसाइट पर अपलोड की जाए जिससे सदस्यगण इसका लाभ उठा सकें।

मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने महाप्रबंधक सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का काफी प्रयोग हो रहा है। किंतु अभी भी बहुत सारे काम अंग्रेजी में हो रहे हैं। जबकि उद्देश्य है कि सरकारी कामकाज में सामान्यतः हिंदी का प्रयोग हो। यही हमारे संविधान की मूल भावना में निहित है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रक ह्लह्ल विद्युत प्रभाह्लह्ल का विमोचन किया। बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आशुतोष, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, श्रीमती प्रमिला सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, हरीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, अखिलेश चन्द्रा, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब, एस.के मिश्रा ने भाग लिया तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशक तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं कोर मुख्यालय के सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव श्रीमती सुनीला यादव ने किया।

### उमरे की 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' मुहीम में सहभागिता

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ की गई फिट इंडिया फ्रीडम रन पहल को पूरे भारतीय रेलवे पर लागू करने का फैसला किया है। यह पहल फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में की जा रही है। 74वें स्वतंत्रता दिवस को चिह्नित करने के लिए इस अभियान को 15 अगस्त से 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 151वीं जयंती तक चलाया जा रहा है।

फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन बेहतर स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और मोटापे, आलस, तनाव, चिंता, बीमारियों आदि से मुक्ति पाने के लिए किया जा रहा है। फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान की अभिप्राय यह है कि ह्लइसे कहीं भी, कभी भी किया जा सकता है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी पसंद और सुविधा और शारीरिक क्षमता, स्वास्थ इत्यादि के अनुरूप रास्ते एवं समय का चयन कर सकता है। अभियान के अंतर्गत आयोजकों और व्यक्तिगत रूप से शामिल व्यक्तियों को सोशल डिस्टैंसिंग के नियमों का पालन करते हुये अपने कार्यक्रमों को आयोजित करने तथा वर्चुअल रन जिसका विश्व भर में धावकों वॉकरों द्वारा प्रयोग किया जा रहा है, को प्रोत्साहित करने की सलाह दी गई। जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय के अनुसार इस अभियान में आप फिट इंडिया वेबसाइट के माध्यम से या तो ऑर्गनाइजर द्वारा उपलब्ध कराये गये प्लेटफॉर्म पर जाकर भाग लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत रूप से की गई दौड़ का डेटा भी आप स्वयं ही जमा कर सकते हैं एवं प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख प्रतिभावान खिलाड़ी जैसे अर्जुन पुरस्कार प्राप्त आशीष कुमार जिमनास्ट, पूनम यादव क्रिकेट खिलाड़ी, एकता बिष्ट क्रिकेट खिलाड़ी एवं गौरव विधूड़ी बाक्सर सहित अन्य सभी खिलाड़ी ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में सभी रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों को प्रेरित करेंगे।

## राज्य विवि में हुई नियुक्तियों को लेकर शिक्षा निदेशक को सौंपा ज्ञापन

### एमएलसी प्रत्याशी ने प्रदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. श्रीमती वंदना शर्मा को ज्ञापन सौंपा

**प्रयागराज।** प्रो. रज्जू भय्या विश्वविद्यालय मे असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के पदों पर की गई नियुक्तियों में धांधली को लेकर सपा स्नातक एमएलसी प्रत्याशी डॉ.मान सिंह यादव ने बुधवार को प्रदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. श्रीमती वंदना शर्मा को ज्ञापन सौंपा।



शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपते मान सिंह

राज्यपाल, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली, अध्यक्ष अनूसूचित जाति आयोग नई दिल्ली को सम्बोधित करते हुए ज्ञापन दिया गया। डॉ. मान सिंह ने आरोप लगाया है कि रज्जू भय्या राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज में हिन्दी एवं संस्कृत विषय में प्रोफेसर पद दस अगस्त 2020 को जो चयन हुआ उसमे घोर अनियमितता की गई। जिसमें एपीआई 88 पाने वाले उम्मीदवार को साक्षात्कार में नहीं बुलाया गया। जब कि 83 तक के अपने खास लोगों को बुलाया गया।ओबीसी में साक्षात्कार देने वाले डॉ.सियाराम, डॉ.राम प्रताप सिंह, डॉ.विमलेश यादव आदि उम्मीदवारों की प्रोफेसर पद पर पर्याप्त योग्यता व अनुभव होने के बावजूद एनएफएस (नाट फाउंड सुटेबल) का बहाना बना कर सीटों को रिक्त कर दिया गया। एससी और ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ सौतेला व्यवहार होने पर डॉ. मान सिंह ने मजबूर होकर अनशन के लिए बाध्य होने की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ मान सिंह, दान बहादुर मधुर, सै.मो.अस्करी, एसपी मौर्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवा व्यापारी ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना के राजा बारा के हाता मोहल्ले में बुधवार दोपहर एक युवा व्यापारी ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। मुट्ठीगंज के राजाबारा के हाता निवासी प्रशान्त कुमार केशरवारनी उर्फ मिक्की (34) पुत्र बाबूलाल केशरवानी दो भाईयों में छोटा था। अविवाहित मिक्की मोबाइल शाप की दुकान लक्ष्मण बाजार में खोला हुआ था। बताया जा रहा है बुधवार दोपहर घर के बाहर वह बच्चों के साथ बातचीत कर रहा था। कुछ देर बाद वह घर गया और कमरे के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस का कहना उसने आत्महत्या क्यो किया, इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर एक दुकानदार ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पर पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

## महापौर ने निर्माण कार्य का लोकार्पण कर नियुक्ति पत्र किया वितरित

**प्रयागराज।** अभिलाषा गुप्ता नन्दी महापौर ने 14वाँ वित्त आयोग के अंतर्गत विशम्भर सिनेमा के सामने शांति होटल के बगल ध्वस्त नाले की दीवार एवं पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। तत्पश्चात मृतक आश्रित के अंतर्गत नगर निगम प्रयागराज द्वारा सेवाकाल के मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी बृजेश कुमार के मुताबिक इस अवसर पर कुमकुम पत्नी स्व. सुनील, कुसुम पत्नी स्व. बब्लू, हिमांशु पुत्र स्व. राजेश, अनुज कुमार पुत्र स्व. जियालाल, अभिषेक कांत पुत्र स्व. राजेश कुमार, दीपक कुमार पुत्र स्व. संतोष, तुषार कुमार पुत्र स्व. शांति, अरुण कुमार पुत्र स्व. मुन्नी, बॉबी पुत्र स्व.आनंद, आजाद कुमार पुत्र स्व. ताराचंद्र, आशीष पुत्र स्व. मोदी (डोम), करण कुमार शर्मा पुत्र अमृतलाल, पतिया पुत्रवधू स्व. हरिलाल, चंदन पुत्र स्व. विष्णु, अमरेश कुमार यादव पुत्र स्व. रानी, लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. रवि मेहरोत्रा, अमित धुरिया पुत्र स्व. मुन्नालाल, राजेश कुमार पुत्र स्व. जय कुमार, नवाब अहमद पुत्र स्व.अब्दुल रफीक, रमन कुमार पुत्र स्व. रमेश, अंकुश पाल पुत्र स्व. राजू पाल, संस्कार सैनी पुत्र स्व. सुनीता सैनी को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

इस दौरान नेम याद पार्षद, अनूप मिश्रा नामित पार्षद, मुशीर अहमद अपर नगर आयुक्त, सदन गोपाल मिश्रा मुख्य वित्त लेखाधिकारी, पी.के मिश्रा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सतीश कुमार नगर अभियंता, वीरेंद्र खरे प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, राजकुमार गुप्ता जोनल अधिकारी जोन-2, आशीष त्रिवेदी नगर अभियंता जोन-2, बृजेश यादव अवर अभियंता, अमित भारद्वाज सफाई निरीक्षक, शिबू यादव, राजेन्द्र जायसवाल, विजय कुमार एडवोकेट, नवीन सिन्हा एडवोकेट, विकास श्रीवास्तव, सुधीर गोयल, विश्वजीत सक्सेना, ओमप्रकाश केसरवानी, सलीम भाई, ग्यास अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।



नियुक्ति पत्र के साथ कर्मचारी एवं महापौर